उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार 3 मार्गशीष, शक संवत्, 1923

( दिनांक : 3 दिसम्बर, 2001 )
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1– प्रश्न (देखिये नत्थी ''क'')।

2– निधन के निदेश अथवा निधन की सूचना, यदि कोई हों।

3– सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों ।

4– विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

5– उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम–315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

6– मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

7– संसदीय कार्यमंत्री निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :–

''यह सदन उत्तरांचल राज्य में बसे बंगाली समुदाय के नमःशुद्र, पोण्ड एवं मांझी जाति के व्यक्तियों जो, भारतीय नागरिकता के हों, को उत्तरांचल राज्य की अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने की संस्तुति करता है।''

8– कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

9— दिनांक 18 मई, 2001 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्पों पर चर्चा जारी।

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
| --- | --- |
| श्री अम्बरीष कुमार | ''इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल की चीनी मिलों को पर्याप्त गन्ना आपूर्ति हेतु गन्ना कमाण्ड क्षेत्र, उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तरांचल में सम्मिलित किए जाने हेतु प्रयास किए जायें।'' |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान | ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि अनंतिम विधान सभा का कार्यकाल अधिकतम एक वर्ष निर्धारित किया जाए।'' |

10— निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतिकरण :—

| | |
| --- | --- |
| श्री भारत सिंह रावत— | ''उत्तरांचल राज्य की सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था हेतु राज्य की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर के छुटमलपुर, मोहण्ड तथा बिहारीगढ़, जनपद बिजनौर के मोटाढांगतल्ला, जाफराबाद क्षेत्र के गांव कौड़िया, सुलेमान शिकोहपुर, कादरगंज, अफज़लगढ़, जामुनगला कादराबाद तथा भिक्कूवाला क्षेत्रों को उत्तरांचल राज्य में सम्मिलित किये जाने हेतु केन्द्र सरकार से सिफारिश की जाये।'' |
| श्री अम्बरीष कुमार— | ''प्रदेश में बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योगों को सुविधा प्रदान कर उद्योग का जाल बिछाया जाना आवश्यक है।'' |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा तथा श्री राजेन्द्र सिंह— | ''इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि नवगठित उत्तरांचल राज्य की विधान सभा, मंत्रियों के बैठने का स्थान एवं शासन सचिवालय एक ही स्थान पर हों।'' |
| श्री काजी मो0 मोइउद्दीन— | ''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि वर्ष 1994 में उत्तरांचल राज्य के निर्माण की मांग के लिए दिल्ली जाते हुए जनपद मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा पर उत्तरांचल के निवासियों के शहीद स्थल स्मारक को उत्तरांचल राज्य में सम्मिलित किया जाय।'' |

श्री राम सिंह सैनी– ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्‌देश्य से उनकी फसलों का अधिकाधिक लाभकारी मूल्य दिलाया जाये।''

11– नियम–103 के अन्तर्गत सर्वश्री रघुनाथ सिंह चौहान, बिशन सिंह चुफाल, कृष्ण चन्द्र पुनेठा, सदस्य विधान सभा द्वारा अभिसूचित तथा श्री रघुनाथ सिंह चौहान द्वारा दिनांक 15 मई, 2001 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :–

''इस सदन का निश्चित मत है कि नवगठित उत्तरांचल राज्य की स्थायी राज़धानी दोनों मण्डलों (कुमायूं–गढ़वाल) के मध्य ही बनायी जाए।''

12– दिनांक 15 मई, 2001 को नियम–103 के अन्तर्गत श्री इशम सिंह, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :–

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य की शिक्षा नीति रोज़गारपरक हो।''

13– दिनांक 17 मई, 2001 को नियम–103 के अन्तर्गत डा0 इन्दिरा हृदयेश सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :–

''इस सदन का यह सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में कार्यरत सरकारी एवं गैरसरकारी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को पंचम वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप, पद से पद की समानता, के आधार पर वेतनमान अनुमन्य किए जाएें।''

14– नियम–51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

15– जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत नगर पंचायत दिनेशपुर के अध्यक्ष द्वारा किये गये लाखों के घोटाले से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री मुन्ना सिंह चौहान द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर माननीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री का वक्तव्य।

16– सूखे के कारण उत्तरांचल में कृषकों की खरीफ एवं रवी की फसल पर कुप्रभाव पड़ने तथा शासन से राहत दिलाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री मातबर सिंह कण्डारी द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर माननीय कृषि मंत्री का केवल वक्तव्य।

17– अल्मोड़ा के दवा व्यापारी श्री अंचल पन्त, तथा पूर्व में राजपुरा निवासी कविन्द्र उर्फ बाबा की छुरा घोंप कर तथा गला रेंतकर हत्या करने से उत्पन्न स्थिति के संबंध मे श्री रघुनाथ सिंह चौहान द्वारा नियम–51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर माननीय मुख्य मंत्री का वक्तव्य।

––4

18— प्रदेश में गन्ने के कृषकों का गत वर्षों के गन्ने मूल्य का भुगतान न होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री राम सिंह सैनी द्वारा नियम—51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर माननीय गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री का केवल वक्तव्य।

19— राष्ट्रगान। (जन—गण—मन) (देखिए नत्थी 'ख')

आज्ञा से,

देहरादूनः
दिनांक : 3 दिसम्बर, 2001

( महेश चन्द्र )
सचिव।

उत्तरांचल विधान सभा

तृतीय सत्र, 2001
का दूसरा सोम

# नत्थी (क)

# सोमवार 3 मार्गशीष, शक संवत्, 1923

( दिनांक : 3 दिसम्बर, 2001 )
समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

## –: तारांकित प्रश्न :–

श्री राजेन्द्र सिंह
19–2–2001

*1. क्या लोक निर्माण मंत्री कृपया बतायेंगे कि जनपद देहरादून का लम्बीधार–किमाड़ी मार्ग कब स्वीकृत हुआ था? तथा इसके निर्माण हेतु कितना धन स्वीकृत हुआ था? स्वीकृत धन के विरूद्ध कितनी धनराशि उक्त मार्ग में व्यय कर दी गयी है? क्या उक्त मार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं तो कब तक पूर्ण हो जायेगा? क्या उक्त मार्ग निर्माण में हुई अनियमितताओं की कोई जाँच हुई है? यदि हाँ तो दोषी अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री रघुनाथ सिंह चौहान
20–2–2001

*2. क्या मुख्य मंत्री कृपया बतायेंगे कि नैनीताल स्थित प्रशासनिक अकादमी की सी0डी0एस0 नाम की कोई शाखा देहरादून में कार्यरत है? यदि हाँ तो उस संस्था को विश्व बैंक से आज तक कितनी आर्थिक सहायता किस–किस मद में प्राप्त हुई तथा प्राप्त धनराशि का उपयोग किन–किन मदों में किया गया? क्या सरकार उक्त संस्था के कार्य कलापों की जाँच करायेगी? यदि नहीं तो इस सम्बंध में क्या कठिनाई है?

बाह्य सहायतित परियोजना

श्रीमती इन्दिरा ह्रदयेश
23–2–2001

*3. क्या वित्त एवं राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में कमिश्नरी को समाप्त कर के जिलों को अधिक अधिकार सम्पन्न बनाने पर विचार चल रहा है? यदि हाँ तो नयी संरचना की रूपरेखा क्या है?

राजस्व

श्री बिशन सिंह चुफाल
23–2–2001

*4. क्या खाद्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जिन परिवार के लोगों के बी0पी0एल0 राशन कार्ड नहीं बने हैं, क्या सरकार उनके परिवारों के बी0पी0एल0 राशन कार्ड बनायेगी? यदि बनायेगी तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों?

खाद्य

––2

| | | |
|---|---|---|
| श्री लाखी राम जोशी<br>24–2–2001 | *5. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री राम सिंह सैनी<br>01–03–2001 | *6. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में धान की ख़रीद में समुचित व्यवस्था न हो पाने के अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए क्या सरकार ने गेहूँ की ख़रीद की कोई रणनीति तैयार की है? यदि हाँ, तो वह नीति क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | खाद्य |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>02–03–2001 | *7. क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि हरिद्वार में स्थित प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान गुरूकुल कांगरी जो विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है को पूर्ण विश्वविद्यालय का दर्जा देकर राज्य के समस्त संस्कृत महाविद्यालयों को गुरूकुल कांगरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध करायेगी? क्या सरकार उक्त विश्वविद्यालय में वैदिक गणित, अध्यातम विज्ञान व खगोल शास्त्र हेतु उच्च शिक्षा व्यवस्था करने पर विचार करेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>2–3–2001 | *8. क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 1999 तथा वर्ष, 2000 में लेवी का कितना चावल माह नवम्बर, दिसम्बर में क्रय किया गया था? क्या यह मात्रा पूर्व वर्ष से कम है? यदि हाँ तो कमी का क्या कारण है? | खाद्य |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>12–3–2001 | * 9. क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने शिक्षा मित्रों तथा शिक्षा बन्धुओं का भविष्य में नियमतीकरण करने की कोई योजना बनाई है? यदि हाँ, तो योजना का संक्षिप्त विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री इसम सिंह<br>03–04–2001 | *10. क्या मुख्य मंत्री जी के संज्ञान में है कि नैनीताल झील परिक्षेत्र, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण हटाओ संघर्ष समिति इस आशय से आंदोलित है कि! जनहित में प्राधिकरण हटाकर, भवन निर्माण के मानचित्र स्वीकृत किए जायें? यदि हाँ तो नैनीताल झील प्राधिकरण हटाने हेतु अभी तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो देरी का क्या कारण है और यह कार्यवाही कब तक पूर्ण कर ली जायेगी। | तीसरे सोम के तारां0 10 में स्था0 |
| श्री हरवंश कपूर<br>19–4–2001 | *11. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री ज्ञान चन्द<br>21–4–2001 | *12. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |

## –: अतारांकित प्रश्न :–

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>14–3–2001 | 1. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जनपद देहरादून के किस–किस विकास खण्ड में कितने–कितने प्राथमिक विद्यालय एकल अध्यापकीय हैं? क्या एकल अध्यापकीय विद्यालयों में अन्य अध्यापकों की व्यवस्था/नियुक्ति करने हेतु सरकार कोई प्रयास कर रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो शिक्षण कार्य प्रभावित होने से कैसे बचाया जायेगा? | शिक्षा |

—3

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>16—3—2001 | 2. क्या शिक्षा मंत्री कृपया बतायेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तपोवन जो भवन हीन है को वर्ष 2000—2001 के लिए हाईस्कूल—इण्टरमिडिएट परीक्षा केन्द्र बनाया गया है? यदि हाँ तो परिक्षार्थियों के बैठने की क्या व्यवस्था की गई है? क्या मंत्रीजी यह भी बतायेंगे कि बेसिक शिक्षा परिषद (मॉडल स्कूल) के कक्षों को "परीक्षा हेतु" उपयोग करने के लिए विभाग द्वारा कोई आदेश हुआ है? यदि हाँ तो मॉडल स्कूल के छात्रों का पठन—पाठन कैसे कराया जायेगा तथा उसका समय क्या होगा? | शिक्षा |
| श्री राम सिह सैनी<br>16—3—2001 | 3. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत वर्ष जहरीली शराब पीने से उत्तरांचल के 13 जनपदों में कितने लोगों की मौतें हुई? जहरीली शराब की बिक्री रोकने हेतु शासन द्वारा कोई उपाय किये गये हैं? | आबकारी |
| डा0 इन्दिरा हृदयेश<br>16—3—2001 | 4. क्या लोक निर्माण विभाग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला योजनाओं के अन्तर्गत प्रदेश में सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि विभागों को आवंटित अवमुक्त कर दी गयी है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>19—3—2001 | 5. क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1981 में स्थापित राजकीय महाविद्यालय नारायणनगर पिथौरागढ़ में केवल साहित्यिक वर्ग की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? क्या सरकार विज्ञान वर्ग की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि करेगी तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| डा0 इन्दिरा हृदयेश<br>19—3—2001 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल की सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि विभागो को आवंटित/ अवमुक्त की जा चुकी है? यदि हाँ, तो उस अवमुक्त धनराशि का विवरण क्या है। | लोक निर्माण |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>19—3—2001 | 7. क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि रूड़की मे स्थित राजकीय मुद्रणालय में वर्तमान में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? उक्त मुद्रणालय द्वारा उत्तरांचल के शासकीय प्रयोगार्थ लेखन सामाग्री की व्यवस्था शुरू कर दी गयी है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि उक्त मुद्रणालय को राज्य का प्रधान मुद्रक व लेखक सामग्री भण्डार का दर्जा देकर इसकी क्षमता विस्तार किया जा रहा है? यदि नहीं तो क्यों? | 2सरे मंगल के अता0 1 में स्था0 |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>19—3—2001 | 8. क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी पूर्व सैनिकों के पाल्यों को सेना में उचित भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु राज्य में भर्ती हेतु पूर्व तैयारी (कोचिंग) सेन्टर खोले जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ तो क्या उक्त केन्द्र पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी में स्थापित किए जायेंगे? यदि नहीं तो क्यों? | पहले शुक के अता0 5 में स्था0 |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>20—3—2001 | 9. क्या सरकार को ज्ञात है कि हवालात (लॉकअप) में बन्द कैदियों को नाम मात्र का भोजन जो वर्ष 1960 से पूर्व लागू था वह आज भी दिया जा रहा है? यदि हाँ तो क्या सरकार कैदियों के मानवीय अधिकार की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कैदियों के भोजन व्यय पर पुनर्विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

——4

| | | |
|---|---|---|
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा<br>20—3—2001 | 10. क्या सरकार को ज्ञात है कि पिथौरागढ़ जनपद के हिमालय से लगे क्षेत्र में रोज़गार एवं उद्यम की असीम सम्भावनाओं के मध्ये नज़र उक्त क्षेत्र में हिमालयन भेषज जम्बू व गन्दरायन की खेती हेतु सर्वेक्षण कार्य प्रस्तावित है? यदि हाँ तो सर्वेक्षण कार्य कब से शुरू कर दिया जावेगा? यदि नहीं तो क्यों? | पहले शुक्र के अता0 6 में स्था0 |
| श्री राम सिंह सैनी<br>20—3—2001 | 11. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून स्थित चन्द्रलोक कॉलोनी, राजपुर रोड़ के ए एवं बी लेन के निवासियों ने अधिकृत रूप से उक्त दोनों सड़कों पर स्थायी गेट लगाकर ताला लगाकर मलिन बस्ती ब्रजलोक कॉलोनी एवं चन्द्रलोक कॉलानी एल लेन का रास्ता बन्द कर दिया है? यदि हाँ तो क्या जनहित में इन गेटों को हटाया जाएगा? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>22—3—2001 | 12. क्या लोक निर्माण मंत्री कृपया बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की कितनी इकाई उत्तरांचल में कार्यरत है? क्या उत्तर प्रदेश की भांति उत्तरांचल निर्माण निगम का गठन किया जायेगा? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो निर्माण निगम उत्तरांचल में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को किन विभागों में समायोजित किया जाएगा? | लोक निर्माण |
| श्री इसम सिंह<br>22—3—2001 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री के संज्ञान में है कि दिनांक 25—10—2000 को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता अल्मोड़ा और उप जिलाधिकारी अल्मोड़ा के मध्य कतिपय समस्याओं के निराकरण हेतु एक समझौता हुआ था। यदि हाँ तो क्या समझौते का अनुपालन दिनांक 30—11—2000 तक किया गया?यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री लाखी राम जोशी<br>23—3—2001 | 14. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री लाखी राम जोशी<br>23—3—2001 | 15. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>27—3—2001 | 16— क्या मुख्य मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि श्री महेन्द्र प्रसाद चेतानी पुत्र श्री भूरामल चेतानी, नजीबाबाद रोड़, कोटद्वार ने 21—12—2000 को थानाध्यक्ष, कोटद्वार को प्रार्थना पत्र देकर राजेश पंत और पारस पंत द्वारा दुकान पर जबरदस्ती कब्जे से रोकने एवं उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही का अनुरोध किया था? यदि हां तो क्या कार्यवाही हुई? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| रघुनाथ सिंह चौहान<br>27—3—2001 | 17— क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि संयुक्त शिक्षा निदेशक कुमायुँ नैनीताल द्वारा वर्ष 1998 में सामान्य वर्ग एल0टी0 में कितने पद विज्ञापित किये गये थे? क्या विज्ञापित पदों के आधार पर नियुक्ति न देकर विज्ञापित पदों को घटा दिया गया? यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हाँ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| रघुनाथ सिंह चौहान<br>27—3—2001 | 18. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दुग्ध संघ अल्मोड़ा के प्रधान प्रबंधक द्वारा वर्ष 1999 में तत्समय प्रचलित दरों पर कितना घी जय अम्बे घृत भण्डार चन्दौसी रोड़, मुरादाबाद को विक्रय किया गया? क्या अल्मोड़ा दुग्ध संघ द्वारा पुनः अल्मोड़ा के उपभोक्ताओं की मांग पर दुग्ध संघ लालकुवा से अधिक मूल्य पर घी क्रय कर अल्मोड़ा लाया गया? इस क्रय—विक्रय में दुग्ध संघ अल्मोड़ा को कितने लाख रूपये की क्षति हुई? इस क्षति के लिए जिम्मेदार तत्कालीन प्रधान प्रबंधक के विरूद्ध सरकार कोई कार्यवाही करेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | पहले शुक्र के अता0 15 में स्था0 |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>26—03—2001 | 19. क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिनांक 8—11—2000 से 28—02—2001 तक माननीय मुख्यमंत्रीजी माननीय मंत्रीगणों के देहरादून नगर से बाहर हुए दोरों पर हैलीकॉप्टर के किराए के रूप में कितना व्यय हुआ है? पैट्रोल पर कितना व्यय हुआ तथा जेब खर्च के रूप में कुल कितनी धनराशि बनी? | नागरिक उड्डयन |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>27—03—2001 | 20. क्या मुख्य मंत्री को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद देहरादून में कार्यरत कनिष्ठ लेखाधिकारी की तैनाती नियुक्ति की तिथि से आज (22—03—2001) तक देहरादून ऋषिकेश में है? उक्त अधिकारी को एक ही स्थान पर तैनाती दिए जाने का क्या औचित्य है? क्या उनके स्थानान्तरण के सम्बंध में कोई कार्यवाही करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री इसम सिंह<br>03—04—2001 | 21. क्या शिक्षा मंत्रीजी यह बताने का कष्ट करेंगे कि! कुमायूँ इंजिनियरिंग कॉलेज, द्वाराहाट, अल्मोड़ा में, वर्तमान में, समूह क,ख,ग,घ, में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? इनमें समूह क,ख,ग,घ में अ0जा0/अ0ज0जा0/पिछड़ा वर्ग के कितने—कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? क्या उपरोक्त संस्था में नियुक्तियों में आरक्षण कोटा पूर्ण है? यदि नहीं तो, क्यों? और आरक्षित पदों पर कब तक नियुक्ति करा दी जायेगी? | शिक्षा |
| श्री इसम सिंह<br>03—04—2001 | 22. क्या मुख्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि श्री सुरेश चन्द्र पुत्र श्री सोहन चन्द्र, ग्राम—गुमानिवाला (रोषाफार्म) थाना ऋषिकेश जिला—देहरादून का प्रार्थना पत्र, दिनांक 05—02—2001 जो अनुसूचित जाति उत्पीड़न को रोकने से सम्बन्धित था उनको प्राप्त हुआ? यदि हाँ तो अभी तक इस सम्बंध में शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों? और उत्पीड़ित व्यक्ति को कब तक, राहत प्रदान की जायेगी? | मानवाधिकार |
| श्री इसम सिंह<br>04—04—2001 | 23. क्या मुख्य मंत्री के संज्ञान में है कि! नैशनल हाई वे रोड़, हापुड़, गजरोला, मुरादाबाद मार्ग, रामपुर बिलासपुर, रूद्रपुर हल्द्वानी, जौलीकोट, नैनीताल व रूद्रपुर किच्छा, सितारगंज, खटीमा पानीपत व गदरपुर, दोहराहा, बाज़पुर काशीपुर, जसपुर, देहरादून, मार्ग लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश, से केन्द्र लोक निर्माण विभाग को स्थानान्तरण हो चुका है? यदि हाँ तो मार्ग की चौड़ाई हेतु रोड़ के किनारे बसे हुए, बंगाली समाज को पुर्नवासित किए जाने हेतु राज्य सरकार की क्या योजना है और उन लोगों को कब तक पुर्नवासित कर दिया जायेगा? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अम्बरीष कुमार<br>08–04–2001 | 24. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के महाविद्यालयों में रिक्त प्रवक्ता पदों को भरने के लिए चयन हेतु उच्च शिक्षा आयोग का गठन किया जा रहा है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो, क्या व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है? | शिक्षा |
| श्री के0सी0 सिंह 'बाबा'<br>09–04–2001 | 25. क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जूनियर हाईस्कूल बसई ब्लॉक जसपुर तहसील काशीपुर जिला उधमसिंह नगर का उच्चीकरण सन् 1998 में हुआ था परन्तु लिपिकीय त्रुटिवश रा0उ0मा0 विद्यालय हरियावाला ब्लॉक जसपुर जिला उधमसिंह नगर हो गया तथा इसी नाम से कक्ष हेतु धन स्वीकृत हो चुका है जबकि हरियावाला ग्राम में न तो कोई जूनियर हाईस्कूल है और न ही विद्यालय के लिए भूमि? यदि हाँ तो क्या सरकार इस गलती के सुधार हेतु इस सम्बंध में कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्रीमती इन्दिरा हृदयेश<br>17–04–2001 | 26. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल के सूचना विभाग द्वारा सचिवों, एवं अधिकारियों के नाम, पते एवं टेलिफोन की कोई निर्देशिका (डायेरेक्ट्री) न प्रकाशित कराये जाने के कारण जनहित के दैनिक कार्य करने में जनप्रतिनिधियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो शासन सम्बन्धी सूचना कब तक जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा देगा? | सूचना |
| श्री के0सी0 सिंह 'बाबा'<br>18–04–2001 | 27. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं? रिक्त पदों की सूची के साथ प्रशिक्षित अभ्यार्थियों, विशेषकर सी0पी0एड0 बेरोज़गारों की संख्या कितनी है? क्या सरकार शारीरिक शिक्षा को मद्देनजर रखते हुए सी0पी0एड0 अभ्यार्थियों को नियुक्ति देने के संदर्भ में कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>17–04–2001 | 28. क्या मुख्य मंत्री कृपया बतायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण में कार्यरत सहायक अभियन्ता श्री यशपाल शर्मा की वार्षिक वेतन वृद्धियां उनके विरूद्ध बिना कोई जांच कराये ही रोक दी गई हैं? यदि नही, तो उनके विरूद्ध किन आरोपों की जांच कराई गयी? क्या मंत्रीजी विधिवत जांच कराकर ही इनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के आदेश देंगे यदि नहीं तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>17–04–2001 | 29. क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि म0दे0वि0 प्राधिकरण में कार्यरत श्री यशपाल शर्मा सहायक अभियन्ता का आमेलन म0दे0वि0 प्राधिकरण में हो चुका है? यदि हाँ, तो श्री शर्मा आमेलन नियमावली 1984 के नियम –7 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं? यदि हाँ तो श्री शर्मा की नियुक्ति प्राधिकरण में किस आधार पर की गई है? तथा इनकी सेवानिवृत्ति तिथि क्या है? | नगर विकास |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>17–04–2001 | 30. क्या मुख्य मंत्री कृपया बतायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के मानचित्रों की स्वीकृति पर लिए जाने वाले "इको फण्ड के" रूप में प्राधिकरण द्वारा 1997 से अब तक कुल कितनी धनराशि प्राप्त की गई है? प्राप्त धनराशि का उपयोग किन–किन मदों पर किया गया है? प्राधिकरण द्वारा उक्त राशि से वृक्षारोपण कहाँ–कहाँ कराये गए हैं? क्या उक्त मद से किए गये वृक्षारोपण की जांच वन विभाग से करायेंगे? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | नगर विकास |

––7

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>17–04–2001 | 31. क्या मुख्य मंत्री कृपया बतायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण में कार्यरत एक सहायक अभियन्ता के विरूद्ध उत्तर प्रदेश शासन के अनुभाग–5 द्वारा जारी शासनादेश संख्या 3720/9–आ–5–97–287ई/96 दिनांक 24 अगस्त, 1998 में उल्लिखित जांच का परिणाम क्या था? क्या जांच के परिणाम के आधार पर दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही कर ली गई है? यदि नहीं तो वह कब तक पूर्ण कर ली जाऐगी? | नगर विकास |
| श्री राम सिंह सैनी<br>19–04–2001 | 32. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लो0नि0वि0 में उ0प्र0 में कितने सहा0अभि0 जिन्होंने उत्तरांचल के लिए अपना विकल्प दिया है, अब तक उत्तरांचल में योगदान किया है तथा उनमें से कितनों की अब तक खंडों में तैनाती कर दी गई है? | लोक निर्माण |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>19–04–2001 | 33. क्या मुख्यमंत्री जानकारी देने की कृपा करेंगे कि 15 जनवरी, 2001 से 10 अप्रैल, 2001 तक प्रदेश में अपहरण, बलात्कारी, हत्या, डकैती (बैंक डकैती सहित) तथा उत्पीड़न कर धन वसूलने की कुल कितनी घटनायें हुई? वर्ष 2000, 1999, में इसी अवधि के तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं? | गृह |
| श्री राम सिंह सैनी<br>8–8–2001 | 34. क्या नगर विकास मंत्री ''पेयजल'' बताने का कष्ट करेंगे कि चम्पावत जनपद सलना–पमदा पेयजल योजना में लाखों रूपये के घोटाले का मामला प्रकाश में आया है? यदि हाँ तो क्या सरकार इस प्रकरण की जाँच करायेगी यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |
| श्री राम सिंह सैनी<br>8–8–2001 | 35. क्या नगर विकास मंत्री को जानकारी है कि कोटद्वार नगर में जगह–जगह सीवर लाइन अवरूद्ध होने से सड़कों पर पानी फैल रहा है और मकानों में भी भर रहा है? यदि हाँ तो शासन ने इसको रोकने के विषय में क्या कोई प्रभावी कार्यवाही की है और क्या सीवर को ठीक कराने की कोई योजना बनायी जायेगी? यदि हाँ तो, कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | 29–10–2001 को अतां048 द्वारा उत्तरित |
| श्री राम सिंह सैनी<br>9–8–2001 | 36. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से सम्बन्धित प्रा0 विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को वेतन वितरण अधिनियम के अर्न्तगत दिया जा रहा है? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री राम सिंह सैनी<br>9–8–2001 | 37. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि रूड़की विश्वविद्यालय रूड़की में कार्यरत सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष के दो पदों पर नियुक्त सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष को अलग–अलग वेतनमान दिया जा रहा है? यदि हाँ तो क्या सरकार इस विसंगति को दूर कराने हेतु कार्यवाही करेगी? यदि नहीं तो क्यों। | शिक्षा |
| श्री राम सिंह सैनी<br>13–8–2001 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''श्री गांधी बाल निकेतन रूड़की'' जनपद हरिद्वार में प्राथमिक कक्षाओं के विभाग द्वारा सात अध्यापकों को अगस्त 2000 से वेतन का भुगतान शासन कब तक करायेगा? यदि नहीं तो क्यों? क्या भुगतान न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरवंश कपूर<br>6–9–2001 | 39. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |

––8

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरवंश कपूर 6–5–2001 | 40. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री हरवंश कपूर 6–9–2001 | 41. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री हरवंश कपूर 10–9–2001 | 42. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा 1–10–2001 | 43. क्या सरकार को जानकारी है कि वर्ष 1993–94 एवं 94–95 में सुनिश्चित रोजगार योजना सी0एस0आर0वाई0 के तहत पिथौरागढ़ एवं चम्पावत में लोक निर्माण विभाग द्वारा अनेक मोटर मार्ग/हल्का वाहन मार्गो का निर्माण किया गया है? क्या यह सही है कि सड़कों का उचित रख–रखाव न होने के कारण सभी मार्ग बन्द हैं। यदि हाँ क्या सरकार ऐसे अवरूद्ध मार्गो को खुलवाने के लिए धन की व्यवस्था करेगी। यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा 3–10–2001 | 44. क्या पेयजल मंत्री बताने की कृपा करेगे कि उत्तरांचल में पेयजल योजनाओं का कार्य जल निगम द्वारा विभागीय/मस्टरौल में करवाया गया है। जिससे योजनाओं के आगणन से चार गुना धनराशि खर्च हुई? यदि हाँ तो क्या सरकार ऐसे कार्यो की जांच करवाकर ऐसी रीति एवं नीति निर्धारित करने के जिम्मेदार अधिकारियों को दण्डित करेगी? यदि नहीं तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा 03–10–2001 | 45. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल बनने के बाद मोटर मार्गो के नवीनीकरण हेतु पिथौरागढ़ सर्किल (पिथौरागढ़ एवं चम्पावत) में कितना धन आवंटित हुआ तथा कितने कि0मी0 लम्बी सड़को का डामरीकरण हुआ? क्या यह सही है कि निर्धारित मानको के अनुसार सड़को का नवीनीकरण/डामरीकरण नही किया गया? यदि हाँ तो क्या सरकार अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करेगी? यदि नही तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कृष्ण चन्द पुनेठा 03–10–2001 | 46. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि गत वित्तीय वर्ष में लोहाघाट एवं चम्पावत डिविजनों में वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु कितना धन आवंटित हुआ था व किन–किन सड़को में किन कार्यो हेतु खर्च किया गया ? क्या मानक के अनुसार आवंटित धन खर्च किया गया? यदि नही तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कृष्ण चन्द पुनेठा 04–10–2001 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तरांचल में अवर अभियन्ताओं के कितने पद रिक्त हैं। क्या इन रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कृष्ण चन्द पुनेठा 05–10–2001 | 48. क्या सरकार को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ एवं चम्पावत की सीमा में स्थित घाट–पंचेश्वर का क्षेत्र अति पिछड़ा एवं दुरुह है। जहाँ अभी तक कोई सड़क मार्ग नही है। क्या सरकार केन्द्रीय सड़क निधि से घाट पंचेश्वर सड़क का निर्माण करवायेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री कृष्ण चन्द पुनेठा 06–10–2001 | 49. क्या सरकार कृपया बतायेगी कि भारत सरकार द्वारा विशेष सड़क निधि एवं विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत कितनी धनराशि उत्तरांचल को मिली है तथा उक्त निधी द्वारा कौन–कौन सी सड़को एवं पुलों का निर्माण किया गया है? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कृष्ण चन्द पुनेठा<br>08—10—2001 | 50. क्या सरकार को जानकारी है कि गढ़वाल मण्ड़ल विकास निगम एवं कुमाऊँ मण्डल विकास निगम द्वारा विदेशी मदिरा खरीदी गयी जो बहुत महंगी एवं सामान्य प्रचलन में नही है। ऐसी विदेशी मदिरा खरीद में कितना धन व्यय हुआ? व कितनी राजस्व की हानि हुई? क्या सरकार राजस्व हानि के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दण्ड़ित करेंगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | आबकारी |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>19—2—2001 | 51. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 01.12.2000 के साथ श्रीमती मधु नेगी पत्नी स्व0 शहीद सूबेदार भगत सिंह निवासी नरेन्द्र नगर टिहरी गढ़वाल का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें शहीद की विधवा के आवास के मार्ग को अवैध कब्ज़ेदारों से मुक्त कराकर खोले जाने की माँग की गई है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>15—10—2001 | 52. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत तदर्थ एवं अंशकालीन शिक्षकों का विनियमितीकरण की कार्यवाही विचाराधीन है? यदि हाँ तो कब तक इस सम्बन्ध में निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरवंश कपूर<br>03—10—2001 | 53. मंत्रिमण्डल में शामिल होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री राम सिंह सैनी<br>18—10—2001 | 54. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 2—9—2001 को राजकीय सचिवालय में ताला तोड़कर कई कमरों में से चोर सामान चारी कर ले गए यदि हाँ तो जिन अधिकारियों की लापरवाही से घटना घटी थी उनके खिलाफ सरकार ने क्या कार्यवाही की है? यदि नहीं तो क्यों? | सचिवालय प्रशासन |

उत्तरांचल विधान सभा

नत्थी (ख)

जन-गण-मन अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तब जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य विधाता।।